कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2015–विज्ञप्ति / 413-14 / 2016–17 दिनांक 11 जनवरी 2017।

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) –2015

परीक्षा संबंधी सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के विज्ञापन संख्या : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 –विज्ञप्ति / 02 / 2016–17 दिनांक 21 अक्टूबर 2016 के द्वारा उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय –2015 हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किए गए थे। समस्त आवेदित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय –2015 की परीक्षा 29 परीक्षा शहरों में बने 176 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 22 जनवरी 2017 को आयोजित की जाएगी।** यू0टी0ई0टी0 प्रथम की परीक्षा प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक तथा यू0टी0ई0टी0 द्वितीय की परीक्षा अपराह्न 02:00 से 04:30 बजे तक सम्पन्न होगी। अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र (ओ.एम.आर.) पर अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर प्रवेशपत्र पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए पते पर प्रेषित किए जा रहे हैं। प्रवेश–पत्र परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** से भी नाम व जन्मतिथि (जैसा आवेदन–पत्र में अंकित किया गया है) अथवा आवेदन–पत्र (OMR) क्रमांक भर कर डाउनलोड किए जा सकते हैं।

अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से पूर्व यह सुनिश्चित करलें कि परीक्षा हेतु जारी शासनादेश एवं विवरणिका में अंकित अर्हताएं पूर्ण करते है या नहीं। **समस्त ऐसे आवेदित अभ्यर्थियों को पुनः सूचित किया जाता है कि यदि वे परीक्षा हेतु जारी शासनादेश एवं विवरणिका में अंकित न्यूनतम शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण न करते हों तो वे परीक्षा में सम्मिलित न होंवे अन्यथा परीक्षा के उपरान्त उनका परीक्षाफल रोक दिया जाएगा एवं अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वंय होगी।**

इस कार्यालय के पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 / 04 / 2016–17 दिनांक 27 दिसम्बर 2016 के द्वारा जारी विज्ञप्ति के क्रम में निरस्त आवेदन–पत्रों के सम्बन्ध में अंतिम तिथि तक प्राप्त प्रत्यावेदनों पर विचार करते हुए अंतिम रूप से निरस्त किए गए आवेदकों की सूची भी परिषद् की उक्त वेबसाइट पर जारी कर दी गई है।

भवदीय

11-01-17

(वी0पी0 सिमल्टी)

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर नैनीताल।

11/01/2017